राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

नई स्वर्णिमा योजना - बहराइच, उत्तर प्रदेश

सफलता की कहानी

लाभार्थी का नाम	**श्रीमती माया देवी**
जिला एवं राज्य	**बहराइच, उत्तर प्रदेश**
योजना का नाम	**नई स्वर्णिमा योजना**
ऋण स्वीकृति का वर्ष	**2020**
ऋण राशि	**रू. 2.0 लाख**
गतिविधि /व्यवसाय	**टेन्ट हाउस**
राज्य चैनेलाईजिंग एजेंसी का नाम	**उ.प्र.सहकारी ग्राम विकास बैंक**

मैं **माया देवी** हूँ। मेरे पति का नाम प्रेम सागर है। मैं ग्राम व पोस्ट- उरा, विकास खण्ड-मिहीपुरवा, जिला-बहराइच, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हूँ। NBCFDC से ऋण सहायता प्राप्त करने से पहले मैं एक साधरण गृहणी थी और अपने पति पर ही पूरी तरह से आश्रित थी। मेरे परिवार के पास थोड़ी सी कृषि भूमि थी। मेरे पति को NBCFDC की "नई स्वर्णिमा योजना" के बारे में जानकारी थी। उन्होंने मुझे बताया कि इस योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्गों की महिलाओं को रियायती ब्याज दर पर उ.प्र.सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य में ऋण सहायता प्रदान की जाती है।

चूंकि मेरे पति ने पहले इस बैंक से ऋण लिया था अतः बैंक में काम करने वाले लोग उनके परिचित थे अतः उन्होंने बैंक के लोगों से बातचीत करके मेरा ऋण आवेदन जमा कर दिया। बैंक के कर्मचारियों ने मुझे ऋण लेने के प्रोत्साहित किया और कागजात पूरे करने में मेरी बड़ी सहायता की। बैंक ने अंततः मुझे रू. 2.00 लाख का ऋण "नई स्वर्णिमा योजना" के अंतर्गत "टेन्ट हाउस" परियोजना हेतु स्वीकृत किया एवं यह ऋण राशि मुझे माह जुलाई, 2020 प्राप्त हो गई। ऋण राशि प्राप्त होने के बाद मैंने अपने पति एवं पुत्र की सहायता से "टेन्ट हाउस" खोल लिया और मैं "टेन्ट हाउस" की मालिक बन गई।

श्रीमती माया देवी बताती हैं कि मैं अपने परिवार के सहयोग से "टेन्ट हाउस" का कार्य बड़ी ही आसानी से चला रही हूँ। इस कार्य से मैं प्रतिवर्ष 1.5 लाख से 2.00 लाख रूपए तक कमा रही हूँ। मैं ऋण की किस्तें समय पर जमा कर रही हूँ तथा इसके साथ ही साथ इस आमदनी से परिवार के बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य खर्चे आराम से चल रहे हैं और मैं भविष्य के लिए कुछ बचत भी कर पा रही हूँ। इस काम ने मेरे अंदर साहस और उत्साह पैदा कर दिया है। घर-परिवार एवं सगे-संबंधियों में प्रतिष्ठा काफी बढ़ी है और इस तरह से आर्थिक उत्थान के साथ-साथ मेरा सामाजिक उत्थान भी हुआ है। मैं और मेरा परिवार NBCFDC और उ.प्र.सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. का सदैव आभारी रहेगा।